दिनांक: 25.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री मालदीव पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मालदीव की राजधानी माले पहुंच गए हैं। मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ु ने वैलेना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी की अगवानी की। यह प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा है। आज वे राष्ट्रपति मुइज़्ज़ु के साथ परस्पर के हित के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री कल मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे।

हमीदिया अस्पताल

भोपाल के हमीदिया अस्पताल में आज नई CT स्कैन और MRI मशीन का लोकार्पण हुआ है। इससे मरीजों की जांच में तेजी आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी अस्पतालों में आधुनिक जांच सुविधाएं निरंतर बढ़ रही हैं। इसके साथ ही एयर एंबुलेंस सेवा और राहवीर जैसी योजनाएं स्वास्थ्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं।

एमआईबी आदेश

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रतिबंधित सामग्री रखने के आरोप में 25 वेबसाइटों को भारत में सार्वजनिक पहुंच से वंचित करने के लिये इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को अधिसूचना जारी की है।

मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और अन्य अधिनियमों की विभिन्न धाराओं के तहत इन वेबसाइटों को चिन्हित किया है।

पीडीएस

प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत अब अधिक मात्रा में गेहूं मिलेगा। वर्षों से लंबित इस मांग को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के आग्रह पर केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब पात्र परिवारों को मिलने वाले खाद्यान्न में 75 प्रतिशत गेहूं और 25 प्रतिशत चावल वितरित किया जाएगा। अभी तक चावल और गेहूं 60:40 के अनुपात में वितरित किया जाता था। इस संबंध में विभिन्न जिलों के नागरिकों ने अनुरोध किया था। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर गेहूँ की मात्रा बढ़ाने का आग्रह किया था।

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। आज सुबह से राजधानी भोपाल, ग्वालियर, अशोकनगर में बारिश हो रही है। जबलपुर में बरगी बांध के आज दो और गेट खोल दिए गए है, अब 7 गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। इसके चलते प्रशासन ने नर्मदा नदी के किनारे के गांवों में सतर्कता बरतने को कहा है। मौसम विभाग ने आज 19 जिलों में अति भारी और 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज जबलपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, दमोह, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इससे पहले कल अशोकनगर, विदिशा, शिवपुरी समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात रहे। रायसेन में 2.3 इंच पानी गिरा। सिवनी में 1.6 इंच, पचमढ़ी में डेढ़ इंच, भोपाल में सवा इंच बारिश हुई। इस बीच प्रदेश में अब तक औसत 21.8 इंच बारिश हो चुकी है।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले के आईटीआई केंद्र में कल युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निजी क्षेत्र की 16 कम्पनियों द्‌वारा भाग लिया गया। इस दौरान कुल 211 ऑफर लेटर प्रदान किए गए।
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्‌वारा आगरमालवा जिले में कल नवांकुर सखी कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्‌वारा ग्राम मारूबर्डिया में किया। इस मौके पर हरियाली कलश यात्रा निकाली गई।
- जवाहर नवोदय विद्‌यालय सिंगरौली में सत्र 2026-27 की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु अधिसूचना जारी हो गई है। जिसके अनुसार जवाहर नवोदय विद्‌यालय प्रवेश परीक्षा के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है।

नमस्कार।